Title: Regarding incidents of firing on B.S.F. personnel by the Bangladesh Rifles.

श्री फुरकान अंसारी (गोड्डा) : माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान हमारी फौज पर तथा बी.एस.एफ. के जवानों पर बिना किसी वजह के बंगलादेश राइफल्स द्वारा की गई गोलीबारी की ओर दिलाना चाहता हूं। बंगलादेश राइफल्स जब भी चाहे, भारत की फोर्स पर गोलीबारी कर देती है। हमारे जवान तथा अधिकारी, जो कि बहुत ही बहादुर हैं, अनुशासन के कारण कोई भी कार्रवाई जवाब के तौर पर नहीं कर सकते। वे केवल बड़े अधिकारियों के आर्डर का ही इन्तजार करते हैं। हमारी फौज तथा बी.एस.एफ. के जवान किसी से कम नहीं हैं। सरकार को बंगलादेश से इस बारे में बात करनी चाहिए और उसे गम्भीर परिणामों की चेतावनी देनी चाहिए, केवल प्रोटैस्ट नोट ही नहीं भेजना चाहिए। पहले भी बंगलादेश राइफल्स की गोलीबारी से भारतीय जवान काफी संख्या में हताहत हो चुके हैं, मगर भारत की फौजों ने कोई जवाबी कार्रवाई नहीं की। मैं चाहता हूं कि भारतीय फौजों को फ्री हैंड दे देना चाहिए, ताकि आगे से कोई उन पर बिना किसी वजह कोई गोलीबारी न कर सके।

बराबर इस तरह की घटनाएं बोर्डर पर हो रही हैं और जब भी सरकार का जवाब आता है तो कहते हैं कि मैंने एक प्रोटैस्ट नोट भेजा है। इस नोट से वह गोलीबारी रुकने वाली नहीं है, इसलिए यह प्रोटैस्ट नोट नहीं, जवानों को फ्री हैंड देना चाहिए, वे सीमा पर अपना फैसला कर लेंगे। मैं यही आपके माध्यम से सरकार से कहना चाहता हूं।